# PAPER-II
# ECONOMICS

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________

   (Name) ____________________

2. (Signature) ____________________

   (Name) ____________________

| J | 0 | 1 | 1 | 3 |
|---|---|---|---|---|

OMR Sheet No. : ............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.____________________
(In words)

Time : 1 1/4 hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal / polythene bag on the booklet. Do not accept a booklet without sticker-seal / without polythene bag and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील / पोलिथीन बैग को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील / बिना पोलिथीन बैग की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण** : (A) (B) ● (D) जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

## ECONOMICS
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** Under Cournot Model of Duopoly, each duopolist will produce
(A) half the output
(B) one-fourth of the output
(C) one-sixth of the output
(D) one-third of the total output

**2.** As long as the substitution effect dominates the income effect, the labour supply curve is
(A) negatively sloped
(B) positively sloped
(C) bend backward
(D) shifting towards left

**3.** The distinguishing characteristics of monopolistic competition are
I. Product differentiation
II. Non-price competition
III. Large number of firms and freedom to entry and exit
IV. Firms are interdependent

**Codes :**
(A) I & III are correct.
(B) I, II and IV are correct.
(C) I, II and III are correct.
(D) I, III and IV are correct.

**4.** **Assertion (A) :** Monopoly is Pareto inefficient.
**Reason (R) :** It would be possible to change the allocation of resources to make the amount of income he would be prepared to pay in exchange of the reduction in price.

**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).
(B) (A) is correct, but (R) is not correct.
(C) Both (A) and (R) are correct, but (R) is incorrect explanation of (A).
(D) (R) is correct, but (A) is incorrect.

**5.** If $MP_L/MP_K$ does not change with any proportionate change in labour and capital then the production function is
(A) Linear
(B) Non-linear
(C) Homogeneous
(D) Homothetic

**6.** Match the items in the List – I with items in List – II. Select the correct answer from the code given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| I. Agency Theory of Firm | 1. O.E. Williamson |
| II. X-inefficiency | 2. M.C. Jensen and W.J. Meckling |
| III. The Utility Maximisation Model | 3. Wilfredo Pareto |
| IV. Edgeworth box diagram first used by | 4. Harvey Leibenstein |

**Codes :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (B) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (C) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (D) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**7.** At the point of tangency between short- run average total cost and long-run average cost, the short-run marginal cost
(A) greater than long-run marginal cost
(B) less than long-run marginal cost
(C) is far above long-run marginal cost
(D) equals long-run marginal cost

# अर्थशास्त्र

## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** द्विअधिकार के कूर्नो मॉडल के अन्तर्गत, प्रत्येक द्विअधिकारी कितना उत्पादन करेगा ?

(A) उत्पादन का आधा

(B) उत्पादन/आऊटपुट का एक चौथाई

(C) उत्पादन का $\frac{1}{6}$

(D) कुल उत्पादन का एक तिहाई

**2.** जब तक प्रतिस्थापन प्रभाव आय प्रभाव पर छाया रहता है, श्रम आपूर्ति वक्र

(A) नकारात्मक रूप से ढलवाँ होती है ।

(B) सकारात्मक रूप से ढलवाँ होती है ।

(C) पीछे की ओर मुड़ी होती है ।

(D) बांई ओर खिसक जाती है ।

**3.** एकाधिकारी प्रतिस्पर्धा की मुख्य विशेषता है :

I. उत्पाद विभेदीकरण

II. गैर कीमत प्रतिस्पर्धा

III. फर्मों की बड़ी संख्या और प्रवेश एवं बहिर्गमन की स्वतंत्रता

IV. फर्में अंत:निर्भर होती हैं ।

**कूट :**

(A) I और III सही हैं ।

(B) I, II और IV सही हैं ।

(C) I, II और III सही हैं ।

(D) I, III और IV सही हैं ।

**4.** **अभिकथन (A) :** एकाधिकार पैरेटो अदक्ष या अप्रभावी होता है ।

**कारण (R) :** कीमत में कमियों के बदले में वह जो आय का भाग देने को तैयार होगा उसे सम्भव बनाने के लिये संसाधनों के आबंटन को बदलना सम्भव होगा ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) सही है, परन्तु (R) सही नहीं है ।

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं परन्तु (R), (A) की गलत व्याख्या है ।

(D) (R) सही है, परन्तु (A) गलत है ।

**5.** यदि श्रम और पूँजी में किसी भी आनुपातिक परिवर्तन के साथ $MP_L/MP_K$ नहीं बदलता है तो उत्पादन फलन निम्नलिखित होता है :

(A) रेखीय (B) अरेखीय

(C) एकरूप/समरूप (D) समस्थितिक

**6.** सूची – I में दी मदों को सूची – II में दी गई मदों के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| I. फर्म की एजेन्सी थ्योरी (सिद्धान्त) | 1. ओ.ई. विलियमसन |
| II. X-अकुशलता | 2. एम.सी.जेन्सन एवं डब्ल्यू.जे. मेकलिंग |
| III. उपयोगिता अधिकतमीकरण मॉडल | 3. विलफ्रेडो परेटो |
| IV. एजवर्थ बॉक्स रेखाचित्र सर्वप्रथम किसने उपयोग किया ? | 4. हार्वे लीबेनस्टीन |

**कूट :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (B) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (C) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (D) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**7.** अल्पकालिक औसत कुल लागत और दीर्घकालिक औसत लागत के स्पर्श बिन्दु पर, अल्पकालिक सीमान्त लागत

(A) दीर्घकालिक सीमान्त लागत से बृहद होती है ।

(B) दीर्घकालिक सीमान्त लागत से कम होती है ।

(C) दीर्घकालिक सीमान्त लागत से काफी अधिक होती है ।

(D) दीर्घकालिक सीमान्त लागत के बराबर होती है ।

**8.** The equilibrium in a market is incomplete with increasing returns to scale only in the case of

(A) imperfectly competitive market

(B) monopolistic market

(C) perfectly competitive market

(D) none of the above

**9.** If 1 = Involuntary unemployment; 2 = Disguised unemployment; 3 = Frictional unemployment; and 4 = Structural unemployment, then full employment is consistent with

(A) 1 & 2 (B) 2 & 3

(C) 3 & 4 (D) 1 & 4

**10.** In Keynes' equation of absolute income hypothesis, $C = \alpha_0 + by$, where C = Consumption expenditure; $\alpha_0$ = Consumption expenditure when income (y) is zero; and b = Marginal Propensity to Consume (MPC), then which of the following statements is false ?

(A) MPC is independent of the level of income.

(B) MPC is dependent on the level of income.

(C) APC falls as income rises.

(D) APC > MPC.

**11.** Which of the following statements is false ?

(A) The balanced budget multiplier is unity when taxes are lump sum taxes.

(B) The balanced budget multiplier is less than unity when taxes are ad valorem taxes.

(C) Tax multiplier is less than government expenditure multiplier.

(D) Tax multiplier is more than government expenditure multiplier.

**12.** Match the theory/criterion of investment determination as given below in List – II with their propounders given below in List – I :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| I. Dale Jorgenson | a. Q-Theory |
| II. J.M. Keynes | b. Neo-classical Theory |
| III. James Cohin | c. Accelerator Theory |
| IV. James Clark | d. Present Value Criterion |

**Codes :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | a | d | b | c |
| (B) | b | d | a | c |
| (C) | c | d | a | b |
| (D) | c | a | d | b |

**13.** **Assertion (A) :** In liquidity trap, the demand for money is perfectly interest elastic.

**Reason (R) :** Because in this situation, all the investors expect the market rate of interest to rise towards the natural rate of interest.

**Codes :**

(A) (A) and (R) both are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) (A) and (R) both are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is correct, but (R) is incorrect.

(D) Both (A) and (R) are incorrect.

**14.** The rate of net investment spending per time period depends on steepness of the downword slope of

(A) Marginal efficiency of Investment Schedule

(B) Marginal efficiency of Capital Schedule

(C) LM-Schedule

(D) IS-Schedule

**8.** पैमाने के वर्धमान प्रतिफलों के साथ बाज़ार में संतुलन किस स्थिति में अधूरा है ?

(A) अपूर्णतया प्रतिस्पर्धात्मक बाजार

(B) एकाधिकारी बाजार

(C) पूर्णतया प्रतिस्पर्धात्मक बाजार

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**9.** यदि 1 = अनैच्छिक बेरोजगारी;

2 = प्रच्छन्न बेरोजगारी;

3 = संघर्षजनित बेरोजगारी; और

4 = संरचनात्मक बेरोजगारी है, तो पूर्ण रोजगार निम्नलिखित से सामंजस्य रखता है :

(A) 1 और 2 (B) 2 और 3

(C) 3 और 4 (D) 1 और 4

**10.** कीन्स के निरपेक्ष आय प्राक्कल्पना के समीकरण, $C = \alpha_0 + by$ में, जहाँ C = उपभोग व्यय; $\alpha_0$ = उपभोग व्यय जब आय (y) शून्य है; और b = उपभोग की सीमान्त प्रवृत्ति (MPC) है, तो निम्नलिखित में से कौन सा कथन मिथ्या है ?

(A) MPC आय के स्तर से स्वतंत्र है ।

(B) MPC आय के स्तर पर आश्रित है ।

(C) आय के बढ़ने पर APC गिरता है ।

(D) APC > MPC

**11.** निम्नलिखित कथनों में से कौन सा मिथ्या है ?

(A) जब कर एकमुश्त कर है, संतुलित बजट गुणक इकाई के बराबर होता है ।

(B) जब कर यथामूल्य कर है, संतुलित बजट गुणक इकाई से कम होता है ।

(C) कर गुणक सरकारी व्यय गुणक से कम होता है ।

(D) कर गुणक सरकारी व्यय गुणक से ज्यादा होता है ।

**12.** सूची – II में दिये निवेश निर्धारण के मानदंड / सिद्धांत को सूची – I में दिये उनके प्रतिपादकों के साथ सुमेलित करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| I. डेल जॉर्गनसन | a. Q-सिद्धांत |
| II. जे.एम. केन्स | b. नव-क्लासिकी सिद्धान्त |
| III. जेम्स कोहन | c. त्वरक सिद्धान्त |
| IV. जेम्स क्लार्क | d. वर्तमान मान/मूल्य मानदंड |

**कूट :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | a | d | b | c |
| (B) | b | d | a | c |
| (C) | c | d | a | b |
| (D) | c | a | d | b |

**13.** **अभिकथन (A) :** तरलता फंदे में, मुद्रा की माँग पूर्णतया ब्याज लोचनीय होती है ।

**कारण (R) :** क्योंकि इस स्थिति में, सभी निवेशकर्त्ता अपेक्षा करते हैं कि ब्याज की बाजार दर ब्याज की प्राकृतिक दर की ओर बढ़ेगी ।

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

**14.** कालावधि अनुसार निवल निवेश व्यय की दर निम्नलिखित की अधोमुखी ढलान की प्रवणता पर निर्भर करती है :

(A) निवेश अनुसूची की सीमान्त क्षमता

(B) पूँजी अनुसूची की सीमान्त क्षमता

(C) LM-अनुसूची

(D) IS-अनुसूची

15. Which of the following is not specifically mentioned as a determinant of the demand for money ?
(A) Wealth
(B) Nominal yield on alternative assets
(C) Inflation rate
(D) Real rate of interest

16. Whose model of the following economists makes use of the stock adjustment principle to explain business cycles ?
(A) N. Kaldor
(B) J.R. Hicks
(C) P. Samuelson
(D) J.M. Keynes

17. The concept of vicious circle of poverty is associated with
(A) J.M. Keynes
(B) Ragner Nurkse
(C) Karl Marx
(D) J.S. Mill

18. Inverted 'U' shaped income distribution hypothesis is associated with
(A) J.B. Clark
(B) David Ricardo
(C) Simon Kuznets
(D) Adam Smith

19. Components of HDI are
I. Longevity
II. Infant mortality
III. Educational attainment
IV. Decent standard of living

**Codes :**
(A) I, II and III are correct.
(B) II, III and IV are correct.
(C) II, I, and IV are correct.
(D) I, III and IV are correct.

20. Arrange the proponents of classical theory of development in a sequential order :
I. David Ricardo
II. Adam Smith
III. J.S. Mill
IV. Robert Malthus

**Codes :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | II | IV | III | I |
| (B) | IV | III | I | II |
| (C) | III | II | IV | I |
| (D) | I | II | III | IV |

21. **Assertion (A) :** In Marxian scheme of things, M $\rightarrow$ C $\rightarrow$ M', where M' > M and M' – M is surplus value.
**Reason (R) :** The main cause of this surplus value is raw materials, machines, etc.

**Codes :**
(A) (A) is wrong but (R) is correct.
(B) (A) is correct but (R) is wrong.
(C) Both (A) and (R) are correct.
(D) Both (A) and (R) are wrong.

22. Match the items in the List – I with items in List – II :

| List – I | List – II |
|---|---|
| I. Structural view of Underdevelopment | 1. Classical Economists |
| II. Laissez-faire Policy | 2. Hollis Chenery |
| III. Departmental Scheme of Expanded Reproduction | 3. Steady State Growth |
| IV. Golden Age of Accumulation | 4. Karl Marx |

**Codes :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (B) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (C) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (D) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**15.** मुद्रा की माँग के निर्धारक के रूप में किसका विशिष्ट रूप से उल्लेख नहीं किया गया है ?

(A) सम्पदा

(B) वैकल्पिक परिसम्पत्तियों पर नाममात्र लब्धि

(C) मुद्रास्फीति की दर

(D) ब्याज की वास्तविक दर

**16.** व्यापार चक्रों की व्याख्या करने के लिए निम्नलिखित में से किस अर्थशास्त्री ने स्टॉक समायोजन सिद्धान्त का उपयोग किया है ?

(A) एन. कल्डोर

(B) जे.आर. हिक्स

(C) पी. सैम्युलसन

(D) जे.एम. केन्स

**17.** गरीबी के दुष्चक्र की अवधारणा किससे सम्बन्धित है ?

(A) जे.एम. केन्स

(B) रेगनर नर्कसे

(C) कार्ल मार्क्स

(D) जे.एस. मिल

**18.** औंधी 'U' आकारित (या आकार युक्त) आय वितरण परिकल्पना किससे सम्बन्धित है ?

(A) जे.बी. क्लार्क

(B) डेविड रिकार्डो

(C) साइमन कुज़नेट्स

(D) एडम स्मिथ

**19.** एच.डी.आइ. (HDI) के संघटक हैं

I. दीर्घायु

II. शिशु मृत्युदर

III. शैक्षिक उपलब्धि

IV. मर्यादित जीवन स्तर

**कूट :**

(A) I, II और III सही हैं ।

(B) II, III और IV सही हैं ।

(C) II, I, और IV सही हैं ।

(D) I, III और IV सही हैं ।

**20.** विकास के क्लासिकी सिद्धान्त के निम्नलिखित प्रतिपादकों को अनुवर्ती क्रम में व्यवस्थित करें :

I. डेविड रिकार्डो

II. एडम स्मिथ

III. जे.एस. मिल

IV. रॉबर्ट माल्थस

**कूट :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | II | IV | III | I |
| (B) | IV | III | I | II |
| (C) | III | II | IV | I |
| (D) | I | II | III | IV |

**21.** **अभिकथन (A) :** मार्क्सवादी योजना में, $M \rightarrow C \rightarrow M'$ है, जहाँ $M' > M$ और $M' - M$ अतिरेक मूल्य है ।

**कारण (R) :** इस अतिरेक मूल्य का मुख्य कारण कच्चा माल, मशीनें इत्यादि है ।

**कूट :**

(A) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

(B) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं ।

(D) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

**22.** सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित करें :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| I. अल्पविकास का संरचनात्मक दृष्टिकोण | 1. क्लासिकी अर्थशास्त्री |
| II. स्वतन्त्र व्यापार नीति | 2. होलिस चिनेरी |
| III. विस्तारित पुनर्उत्पादन की विभागीय योजना | 3. स्थायी राजकीय विकास |
| IV. संचय का स्वर्णिम युग | 4. कार्ल मार्क्स |

**कूट :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (B) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (C) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (D) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**23.** Match the items in the List – I with items in List – II :

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| I. | Critical Minimum Effort Thesis | 1. | R.F. Kahn |
| II. | Knife-edge Equilibrium | 2. | Rosentein-Rodan |
| III. | Bastard Golden Age | 3. | Leibenstein |
| IV. | Big Push Theory | 4. | Harrod |

**Codes :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (B) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (C) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (D) | 4 | 2 | 1 | 3 |

**24.** Which years in India have been the best and the worst in terms of growth rate of national income ?

(A) 2007-08 and 1997-98
(B) 2006-07 and 1966-67
(C) 1988-89 and 1979-80
(D) 2003-04 and 1957-58

**25.** Rank the States in ascending order of the crude birth rate in the recent years :

I. Andhra Pradesh
II. Karnataka
III. Madhya Pradesh
IV. Uttar Pradesh

**Codes :**

(A) I, II, III, IV
(B) II, III, I, IV
(C) I, II, IV, III
(D) II, I, IV, III

**26.** Which five year plan of India has recorded the largest gap in terms of growth rate between the services sector and the industrial sector ?

(A) Seventh Plan
(B) Eighth Plan
(C) Ninth Plan
(D) Tenth Plan

**27.** Provide the correct answer about the desired growth target of the manufacturing sector in the medium term as per the National Manufacturing Policy of India.

(A) 6 – 8 percent
(B) 8 – 10 percent
(C) 10 – 12 percent
(D) 12 – 14 percent

**28.** Which of the following countries have better Human Development Index (HDI) as per the HDR 2011 ?

I. Sri Lanka
II. Pakistan
III. Kenya
IV. Egypt

**Codes :**

(A) Sri Lanka and Egypt
(B) Sri Lanka and Kenya
(C) Pakistan and Sri Lanka
(D) Pakistan and Kenya

**29.** What was the amount of outlay under MGNREGA in 2011-12 by the Government of India ?

(A) ₹ 25,000 crore
(B) ₹ 30,000 crore
(C) ₹ 40,000 crore
(D) ₹ 55,000 crore

**30.** Provide correct answer about the share of India in the world merchandize exports in 2010 :

(A) 0.5 percent
(B) 0.9 percent
(C) 1.1 percent
(D) 1.5 percent

**31.** If the cost of transporting a goods between two nations exceeds the pretrade difference for the goods between two nations, then trade in that goods is

(A) possible (B) impossible
(C) reversal (D) cannot say

**23.** सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित करें :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| I. क्रान्तिक (Critical) न्यूनतम प्रयास सिद्धान्त | 1. आर.एफ. क्हान |
| II. छुरी धार सन्तुलन | 2. रोज़नस्टीन रोडन |
| III. अमानक स्वर्णिम युग (बास्टार्ड गोल्डन ऐज) | 3. लीबेनस्टीन |
| IV. प्रबल धक्का सिद्धान्त | 4. हैरोड |

**कूट :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (B) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (C) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (D) | 4 | 2 | 1 | 3 |

**24.** भारत में राष्ट्रीय आय की संवृद्धि की दर के सम्बन्ध में कौन से वर्ष श्रेष्ठ और सबसे बुरे थे ?

(A) 2007-08 और 1997-98
(B) 2006-07 और 1966-67
(C) 1988-89 और 1979-80
(D) 2003-04 और 1957-58

**25.** हाल ही के वर्षों में अशोधित जन्म दर के आरोही क्रम में राज्यों को श्रेणीगत करें :

I. आन्ध्र प्रदेश
II. कर्नाटक
III. मध्य प्रदेश
IV. उत्तर प्रदेश

**कूट :**

(A) I, II, III, IV
(B) II, III, I, IV
(C) I, II, IV, III
(D) II, I, IV, III

**26.** भारत की किस पंचवर्षीय योजना में संवृद्धि दर के सम्बन्ध में सेवा क्षेत्र तथा औद्योगिक क्षेत्र के बीच सबसे बड़ा अन्तराल दर्ज किया गया ?

(A) सातवीं योजना
(B) आठवीं योजना
(C) नौवीं योजना
(D) दसवीं योजना

**27.** भारत की राष्ट्रीय विनिर्माणकारी नीति के अनुसार विनिर्माण क्षेत्र के मध्यकालिक अभीष्ट (डिजायर्ड) विकास लक्ष्य के बारे में सही उत्तर प्रदान करें :

(A) 6 – 8 प्रतिशत
(B) 8 – 10 प्रतिशत
(C) 10 – 12 प्रतिशत
(D) 12 – 14 प्रतिशत

**28.** एच.डी.आर. 2011 के अनुसार मानव विकास सूचकांक (HDI) निम्नलिखित में से किस देश का बेहतर है ?

I. श्रीलंका
II. पाकिस्तान
III. केन्या
IV. मिस्र

**कूट :**

(A) श्रीलंका और मिस्र
(B) श्रीलंका और केन्या
(C) पाकिस्तान और श्रीलंका
(D) पाकिस्तान और केन्या

**29.** भारत की सरकार द्वारा वर्ष 2011-12 में MGNREGA (एम.जी.एन.आर.इ.जी.ए.) के अंतर्गत परिव्यय की राशि क्या थी ?

(A) ₹ 25,000 करोड़
(B) ₹ 30,000 करोड़
(C) ₹ 40,000 करोड़
(D) ₹ 55,000 करोड़

**30.** वर्ष 2010 में विश्व व्यापारिक निर्यातों में भारत के हिस्से के बारे में सही उत्तर प्रदान करें :

(A) 0.5 प्रतिशत (B) 0.9 प्रतिशत
(C) 1.1 प्रतिशत (D) 1.5 प्रतिशत

**31.** यदि दो देशों के बीच वस्तु ले जाने की परिवहन लागत दो देशों के बीच वस्तुओं के पूर्व लेनदेन अन्तर से अधिक होती है, तो उस वस्तु में लेनदेन

(A) संभावित है ।
(B) असंभावित है ।
(C) प्रतिवर्ती है ।
(D) कह नहीं सकता/ती ।

**32.** According to the Rybczynski theorem, the growth of only one factor at constant relative commodity prices, leads to an absolute expansion in the output of

(A) both commodities

(B) the commodity using the growing factor intensively

(C) the commodity using the non-growing factor intensively

(D) any of the above

**33.** The exchange rate is kept the same in all parts of the market by

(A) exchange arbitrage

(B) interest arbitrage

(C) hedging

(D) speculation

**34.** Which are relevant conditions assumed by the factor price equalization theorem ?

I. The countries are characterised by different factor endowments.

II. The countries are characterised by different production functions.

III. The industries are characterised by different factor intensities.

IV. Each country will export the commodity which uses its abundant factor relatively intensively.

**Codes :**

(A) I, II, III, IV

(B) I, III, IV

(C) I, II, IV

(D) I, III, II

**35.** Which of the following is true with respect to the monetary approach to the balance of payments ?

(A) It views the balance of payments as an essentially monetary phenomenon.

(B) A balance of payments deficit results from an excess demand of money in the nation.

(C) A balance of payments surplus results from an excess supply of money.

(D) Balance of payments disequilibrium are not automatically corrected in the long run.

**36.** When a nation imposes an import tariff, the nation's offer curve will

(A) shift away from the axis measuring its export commodity.

(B) shift away from the axis measuring its import commodity.

(C) not shift.

(D) any of the above is possible.

**37.** If the international terms of trade settle at a level that is between each country's opportunity cost then

(A) there is no basis for gainful trade for either country.

(B) both countries gain from trade.

(C) only one country gains from trade.

(D) one country gains and the other country loses from trade.

**32.** रिबेजिन्सकी प्रमेय के अनुसार, स्थिर सापेक्ष वस्तु कीमतों पर सिर्फ एक कारक निम्नलिखित के उत्पादन में पूर्ण विस्तार की ओर प्रवृत्त करता है :

(A) दोनों वस्तुएँ

(B) वृद्धिकारी कारक को गहन रूप से उपयोग करने वाली वस्तु

(C) गैर-वृद्धिकारी कारक को गहन रूप से उपयोग करने वाली वस्तु

(D) उपर्युक्त में से कोई एक

**33.** बाजार के सभी भागों में विनिमय दर को किसके द्वारा एकसमान रखा जाता है ?

(A) विनिमय विवाचन

(B) ब्याज विवाचन

(C) हैजिंग

(D) सट्टेबाजी

**34.** कारक कीमत समकारी प्रमेय द्वारा किन शर्तों को प्रासंगिक माना गया है ?

I. भिन्न उपादान एनडांउमेंट्स देशों की विशेषता है ।

II. भिन्न उत्पादन फलन देशों की विशेषता है ।

III. भिन्न साधन सघनताएँ उद्योगों की विशेषता है ।

IV. प्रत्येक देश उसे वस्तु का निर्यात करेगा जो अपने प्रचुर साधन का तुलनात्मक रूप से गहनता से उपयोग करेगा ।

**कूट :**

(A) I, II, III, IV

(B) I, III, IV

(C) I, II, IV

(D) I, III, II

**35.** भुगतान सन्तुलन के मौद्रिक उपागम के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन सा सत्य है ?

(A) यह भुगतान सन्तुलन को अनिवार्यत: मौद्रिक घटना के रूप में देखता है ।

(B) भुगतान संतुलन में घाटा राष्ट्र में मुद्रा की अतिरिक्त माँग के फलस्वरूप होता है ।

(C) अतिरेक भुगतान संतुलन मुद्रा की अतिरिक्त आपूर्ति के कारण होता है ।

(D) भुगतान संतुलन में असंतुलन दीर्घकाल में स्वचालित रूप से ठीक नहीं होता है ।

**36.** जब राष्ट्र आयात शुल्क लगाता है, तो राष्ट्र का देय वक्र कैसा होगा ?

(A) अक्ष जो निर्यात वस्तु का माप करता है से दूर खिसक जाएगा ।

(B) अक्ष जो आयात वस्तु का माप करता है से दूर खिसक जाएगा ।

(C) नहीं खिसकेगा ।

(D) उपर्युक्त में से कोई भी संभावित है ।

**37.** यदि व्यापार की अंतर्राष्ट्रीय शर्तें उस स्तर पर तय होती हैं जो प्रत्येक देश की अवसर लागत के बीच पड़ता है तो

(A) किसी भी देश के लिये लाभकारी व्यापार का कोई आधार नहीं है ।

(B) दोनों देशों को व्यापार से लाभ होता है ।

(C) केवल एक देश लाभ कमाता है ।

(D) एक देश को व्यापार से लाभ होता है और दूसरे देश को हानि ।

**38.** Arrange the following in chronological order :

I. The Indirect Tax Enquiry Committee (Jha Committee)

II. Tax Reforms Committee (Chelliah Committee)

III. Taxation Enquiry Commission (Matthur Commission)

IV. The Direct Tax Enquiry Committee (Wanchoo Committee)

**Codes :**

(A) III, II, IV, I

(B) III, I, IV, II

(C) II, III, I, IV

(D) III, IV, I, II

**39.** Which of the following are relevant in Zero Base Budgeting ?

I. Each item of expenditure is challenged in pre-budget review.

II. No minimum level of expenditure is allowed to be taken as given.

III. Expenditure of each item is increased marginally.

IV. Most item of expenditure is taken for granted when budget is prepared for the next year.

**Codes :**

(A) I and III are correct.

(B) I, II and IV are correct.

(C) I and II are correct.

(D) I, III and IV are correct.

**40.** Match the items given in List – I with those in List – II :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| I. Optimal Income Taxation | 1. Charles Tiebout |
| II. An Economic Theory of Politics | 2. Peter A. Phyrr |
| III. Local Public Goods | 3. F. Ramsey |
| IV. Zero Base Budgeting | 4. Anthony Downs |

**Codes :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (B) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (C) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (D) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**41.** Which of the following is tantamount to absence of taxation ?

(A) Shifting of the tax

(B) Tax transformation

(C) Evasion of tax

(D) Tax capitalisation

**42.** Which of the following tax is within the jurisdiction of States as enumerated in List – II of the Schedule VII of the Constitution of India ?

(A) Taxes on Railway freights and fares.

(B) Taxes on sale and purchase of newspapers and on advertisement therein.

(C) Rate of stamp duty in respect of certain financial documents.

(D) Taxes on luxuries, including entertainments, betting and gambling.

**38.** निम्नलिखित को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करें :

I. अप्रत्यक्ष कर जाँच समिति (झा समिति)

II. कर सुधार समिति (चलैया समिति)

III. कराधान जाँच आयोग (माथुर आयोग)

IV. प्रत्यक्ष कर जाँच समिति (वांचू समिति)

**कूट :**

(A) III, II, IV, I

(B) III, I, IV, II

(C) II, III, I, IV

(D) III, IV, I, II

**39.** शून्य बजटन में निम्नलिखित में से कौन सा प्रासंगिक है ?

I. व्यय की प्रत्येक मद को पूर्व-बजट पुनरावलोकन में चुनौती दी जाती है ।

II. व्यय के किसी भी न्यूनतम स्तर को प्रदत्त मान लेने की अनुमति नहीं है ।

III. प्रत्येक मद के व्यय की हाशिये पर या सीमान्तिक वृद्धि की जाती है ।

IV. जब अगले वर्ष का बजट तैयार किया जाता है तो व्यय की अधिकांश मदों को प्रदत्त मान लिया जाता है ।

**कूट :**

(A) I और III सही हैं ।

(B) I, II और IV सही हैं ।

(C) I और II सही हैं ।

(D) I, III और IV सही हैं ।

**40.** सूची-I में दी मदों को सूची-II में मदों के साथ सुमेलित करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| I. इष्टतम आय कर | 1. चार्ल्स टिबो |
| II. राजनीति का आर्थिक सिद्धान्त | 2. पीटर ए. पायर |
| III. स्थानीय लोक वस्तुएँ | 3. एफ. रामसे |
| IV. शून्य आधार बजटन | 4. एन्थनी डाऊन्स |

**कूट :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (B) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (C) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (D) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**41.** निम्नलिखित में से कौन सा कराधान की अनुपस्थिति के तुल्य है ?

(A) कर का विचलन

(B) कर का रूपान्तरण

(C) कर अपवंचन

(D) कर का पूंजीकरण

**42.** निम्नलिखित में से कौन सा कर राज्यों के क्षेत्राधिकार में पड़ता है जैसा कि भारतीय संविधान की अनुसूची VII की सूची-II में वर्णित है ?

(A) रेलवे माल भाड़े और सवारी भाड़े पर कर

(B) समाचारपत्रों की बिक्री एवं खरीद और उसमें विज्ञापनों पर कर

(C) कुछ वित्तीय दस्तावेजों के सम्बन्ध में स्टाम्प शुल्क की दर

(D) मनोरंजन, बाजी (लगाने) और जूआ खेलने समेत विलासिताओं पर कर

**43.** Cohin Clark has argued that for most countries of the world, the safe upper limit of taxation is
(A) 40 percent of national income
(B) 30 percent of national income
(C) 25 percent of national income
(D) 20 percent of national income

**44.** Which of the following tax can be shifted easily ?
(A) Lump-sum tax imposed on the monopolist
(B) Tax imposed on residential house
(C) Capital goods meant for sale
(D) Succession duty

**45.** In a binomial distribution, the sum of mean and variance is 15 and the product of mean and variance is 54, then the number of observations (n) is equal to
(A) 27 (B) 30
(C) 24 (D) 33

**46.** If 'r' is the correlation coefficient and $byx$ and $bxy$ are the regression coefficients of the regression lines y on $x$ and $x$ on y respectively, then r =
(A) $bxy \times byx$
(B) $\sqrt{bxy / byx}$
(C) $\sqrt{1 - bxy\ byx}$
(D) $\sqrt{bxy\ byx}$

**47.** $\chi^2$ (chi-square) test is used to test
(A) analysis of variance
(B) association between the qualitative variables
(C) difference between means of two distributions drawn from the same population.
(D) difference between the means of two distributions drawn from different population.

**48.** Random sampling implies that
(A) the observations are selected purposively.
(B) the observations are selected in a systemic manner.
(C) the observations are selected in an adhoc manner.
(D) the observations are selected in clusters.

**49.** Given the following information, match the item in List – I with List – II :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| I. Coefficient of Variation | 1. $\mu_4/\sigma^4$ |
| II. Coefficient of Correlation | 2. $\mu_3/\sigma^3$ |
| III. Coefficient of Skewness | 3. $\sigma/\overline{x}$ |
| IV. Coefficient of Kurtosis | 4. $\sum xy / \sigma_x \sigma_y$ |

**Codes :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (C) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (D) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**50.** **Assertion (A) :** Fisher's index is an ideal index.
**Reasoning (R) :** Fisher's index satisfies Time Reversal and Factor Reversal Tests.
**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**43.** कोहेन क्लार्क ने दावा किया कि विश्व के अधिकांश देशों के लिए कराधान की सुरक्षित उच्चतम सीमा है

(A) राष्ट्रीय आय का 40 प्रतिशत

(B) राष्ट्रीय आय का 30 प्रतिशत

(C) राष्ट्रीय आय का 25 प्रतिशत

(D) राष्ट्रीय आय का 20 प्रतिशत

**44.** निम्नलिखित में से कौन सा कर आसानी से स्थानांतरित किया जा सकता है ?

(A) एकाधिकारी पर लगाया गया एकमुश्त कर

(B) आवासीय मकान पर लगाया कर

(C) बिक्री योग्य पूँजीगत वस्तुएँ

(D) उत्तराधिकार सम्बन्धी शुल्क

**45.** द्विपदीय बंटन में, माध्य और प्रसरण का योग 15 है और माध्य और प्रसरण का गुणनफल 54 है, तो प्रेक्षणों की संख्या (n) कितनी होगी ?

(A) 27 (B) 30

(C) 24 (D) 33

**46.** यदि 'r' सहसम्बन्ध गुणांक है और $byx$ और $bxy$ प्रतिश्रयण रेखाओं $x$ पर y और y पर $x$ क्रमश: प्रतिश्रयण गुणांक हैं, तो r बराबर है :

(A) $bxy \times byx$

(B) $\sqrt{bxy / byx}$

(C) $\sqrt{1 - bxy\ byx}$

(D) $\sqrt{bxy\ byx}$

**47.** $\chi^2$ (काई स्क्वैयर) परीक्षण का क्या परीक्षण करने के लिये उपयोग किया जाता है ?

(A) प्रसरण का विश्लेषण

(B) गुणात्मक चरों के बीच साहचर्य

(C) एक ही समग्र से लिए गये दो बंटन समूहों के माध्यों के बीच अन्तर

(D) भिन्न समग्र से लिये गये दो बंटन समूहों के माध्यों के बीच अन्तर

**48.** यादृच्छिक प्रतिचयन का अभिप्राय है :

(A) प्रेक्षणों का चयन उद्देश्य के साथ किया गया है ।

(B) प्रेक्षणों को व्यवस्थित ढंग से चयनित किया है ।

(C) प्रेक्षणों का चयन मनमाने ढ़ंग से किया है ।

(D) प्रेक्षणों को गुच्छों में चयनित किया है ।

**49.** सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| I. विचरण का गुणांक | 1. $\mu_4/\sigma^4$ |
| II. सहसम्बन्ध का गुणांक | 2. $\mu_3/\sigma^3$ |
| III. विषमता का गुणांक | 3. $\sigma/\bar{x}$ |
| IV. कुर्टोसिस (वक्रता-मात्रा) का गुणांक | 4. $\sum xy / \sigma_x \sigma_y$ |

**कूट :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (C) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (D) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**50.** **अभिकथन (A) :** फिशर का अभिसूचक आदर्श अभिसूचक है ।

**कारण (R) :** फिशर का अभिसूचक समय विपर्यास तथा उपादान विपर्यास परीक्षणों को संतुष्ट करता है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

UGC - NET JUNE 2013
ANSWER KEYS (PAPER II)
SUBJECT : ( 01 )Economics

| Q.No. | SC01 |
|---|---|
| Q01 | D |
| Q02 | B |
| Q03 | C |
| Q04 | A |
| Q05 | D |
| Q06 | B |
| Q07 | D |
| Q08 | C |
| Q09 | C |
| Q10 | B |
| Q11 | D |
| Q12 | B |
| Q13 | A |
| Q14 | A |
| Q15 | D |
| Q16 | A |
| Q17 | B |
| Q18 | C |
| Q19 | D |
| Q20 | A |
| Q21 | B |
| Q22 | A |
| Q23 | A |
| Q24 | C |
| Q25 | A |
| Q26 | C |
| Q27 | D |
| Q28 | A |
| Q29 | C |
| Q30 | D |
| Q31 | B |
| Q32 | B |
| Q33 | A |
| Q34 | C |
| Q35 | A |
| Q36 | A |
| Q37 | B |
| Q38 | D |
| Q39 | C |
| Q40 | D |
| Q41 | C |
| Q42 | D |

| | |
|---|---|
| Q43 | C |
| Q44 | C |
| Q45 | A |
| Q46 | D |
| Q47 | B |
| Q48 | B |
| Q49 | C |
| Q50 | A |